तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025



12 एनएचएम कर्मियों ने निकाली संविदा प्रथा की ...



12 युक्तियुक्तकरण से प्राथमिक शाला छुईहा में अब पर्याप्त...



## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में दिव्य साहू का हुआ चयन



**बलौदाबाजार** | अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना अंतर्गत अब श्रमिकों के मेधावी बच्चे प्रदेश के नामी निजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत पंजीकृत श्रमिक सुमित्रा साहु के पुत्र दिव्य कुमार साहु का चयन कक्षा 6 वीं में निजी आवासीय विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कुल, कोटरापाली, जुर्डा, रायगढ़ मे हुआ है। यहां कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

### रेल्वे ट्रैक में मिला लकड़बग्घा का शव

**महासमुंद।** बागबाहरा में मंगलवार सुबह मालगाड़ी से टकरा जाने से एक लकड़बग्घा की मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त लकड़बग्घा सोमवार को प्लेटफार्म पर रात 9-10 के बीच घूमता दिखाई दिया था, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। सुबह वह नगर पालिका कार्यालय के सामने रेललाइन की रायपुर से विशाखापट्टनम वाली ट्रेक में मरा पड़ा था। उसके पीछे के दोनों पैर कटे हुए थे। माना जा रहा है कि पैर कटने की वजह से ही लकड़बग्घे की मौत हुई होगी। उक्त घटना सुबह करीब 5 बजे की है। पशु चिकित्सकों ने उसका पोस्टमार्टम वन विभाग के संजय कानन स्थित डिपो में किया और विभाग ने अधिकारियों की उपस्थिति में लकड़बग्घा के शव का अंतिम संस्कार किया।

### शराब का अवैध परिवहन एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केवाय 3804 में अवैध शराब परिवहन कर बिक्री के लिए नदी मोड़ से तुमगांव की ओर आ रहा है। इसके बाद एनएच 53 रोड अमावस चौक तुमगांव पहुंचकर उक्त बाइक चालक को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम उमेश महोबिया पिता चंद्रहास महोबिया (39 साल) निवासी वार्ड नं 6 तुमगांव होना बताया। आरोपी के कब्जे से 25 पौवा शराब कीमत 2500 रुपए को बरामद कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### महिला स्वास्थ्य कर्मी को धमकी व गाली गलौज

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ एक व्यक्ति के द्वारा गाली-गलौज व धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार श्रीमती तुल्लू नागवंशी पति स्व. दिनेश कुमार नागवंशी उम्र 59 साल निवासी समदरहा थाना सिंघोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वे आरएचओ के पद पर उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ हैं। माधव कोलता के द्वारा लगभग दो सप्ताह से उनके साथ गाली-गलौज एवं छेड़खानी, सामानं फेंकना एवं तेरा क्या होगा सोच नहीं पायेगी कहकर धमकी दिया जा रहा है। उनके द्वारा इस बारे में गांव के सरपंच को भी जानकारी दी गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। जबकि उनके उप स्वास्थ्य केन्द्र में सरपंच की उपस्थिति में भी उनके सामने ही माधव के द्वारा अश्लील गाली-गलौज दिया गया। पुलिस ने प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# जिला अस्पताल की आईपीएचएल का राष्ट्रीय टीम आज करेगी मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला अस्पताल बलौदाबाजार में संचालित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) को देश की पहली एनक्यूएएस सर्टिफाइड सरकारी लैब बनाने की दिशा में तैयारियाँ जोरों पर हैं। आगामी 11 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) की विशेषज्ञ टीम लैब का परीक्षण और मूल्यांकन करेगी। निर्धारित मानकों पर खरा उतरने की स्थिति में लैब को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, जो जिले और राज्य दोनों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

इस संबंध में कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार देर शाम अस्पताल का दौरा कर आईपीएचएल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को हाइजीन व जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यह पहली बार है जब बलौदाबाजार जिला अस्पताल द्वारा एनक्यूएएस प्रमाणन के लिए आवेदन किया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मानकों के अनुरूप सुविधाओं को उन्नत करने का प्रयास लगातार जारी है। वर्तमान में लैब में 103 प्रकार की जांच सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिसमें हेमेटोलॉजी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, सिरोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी जैसे विभागों की जाँचें शामिल हैं। निरीक्षण के समय सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## निरीक्षण सफल होने पर मिलेगी राष्ट्रीय मान्यता

### क्या है एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन?

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस), भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है। इसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। प्रमाणन से पहले विशेषज्ञ टीम अस्पताल की सेवा, स्वच्छता, मरीज संतुष्टि और तकनीकी दक्षता जैसे कई पहलुओं की गहन जांच करती है। सफल होने पर अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।



### आईपीएचएल बलौदाबाजार में उपलब्ध जांच सुविधाएं

वर्तमान में बलौदाबाजार जिला अस्पताल की आईपीएचएल में 103 जांच प्रकार संचालित हैं। इनमें: हेमेटोलॉजी - 16 टेस्ट, क्लिनिकल पैथोलॉजी - 14 टेस्ट, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री - 30 टेस्ट, सिरोलॉजी - 8 टेस्ट, इम्युनोलॉजी - 28 टेस्ट, माइक्रोबायोलॉजी - 7 टेस्ट इन सभी सेवाओं को एकीकृत और प्रमाणित रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में यह लैब अग्रसर है।

## अपराध : वाद-विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक को किया लहूलुहान

# जान से मारने की धमकी व ब्लेड से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रवान में 7 सितंबर की रात हुए गंभीर हमले के आरोपी चुलेन्द्र निषाद को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने वाद-विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी चुनेश देवांगन पर कांटेदार एक्सेल ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

घटना उस वक्त हुई जब प्रार्थी अपने भाई दुर्गेश देवांगन और आरोपी के बीच चल रहे पेट्रोल चोरी विवाद में समझाइश देने गया था। इसी दौरान आरोपी ने प्रार्थी को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और एक्सेल ब्लेड से वार कर बाईं जांघ में गंभीर चोट पहुंचाई।

पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 891/2025, धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी को 10 सितंबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।



### जान से मारने की धमकी, अश्लील गाली-गलौज और मारपीट के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सिमगा** | सिमगा थाना क्षेत्र में 9 सितंबर की रात हुए जानलेवा मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों ने वर्टस कार एक्सीडेंट के बाद प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों से हमला किया था। पुलिस ने मौके से वाहन व मारपीट में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं। 9 सितंबर को रात लगभग 11:30 बजे सिमगा क्षेत्र में विकास दास मानिकपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक वर्टस कार ने एक्सीडेंट किया और भागने लगी। जब प्रार्थी ने कार को रोकने का प्रयास किया, तो कार चालक ने उसे चोट पहुंचाई। बाद में प्रार्थी अपने साथियों के साथ नारायणी रेस्टोरेंट पहुंचा, जहां कार खड़ी थी। वहां आरोपी देवेंद्र कुमार सचदेव व अन्य ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गालियों से तंग किया। इसके बाद देवेंद्र के बड़े पुत्र के स्कॉर्पियो वाहन से आने पर आरोपियों ने लाठी, सरिया, हॉकी स्टिक, लोहे के पंच से हमला किया। पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

# खाद संकट और अल्प वर्षा से परेशान किसान बढ़ी आर्थिक मुश्किलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आदर्श ग्राम पंचायत मुड़पार में इस वर्ष खेती-किसानी की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। समय पर खाद उपलब्ध न होने से किसान बाजार से दोगुने दामों पर डीएपी, पोटाश और यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। प्रगतिशील किसान भुवनेश्वर वर्मा ने बताया कि देर से खाद छिड़काव होने के कारण फसलों की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ा है। अल्प वर्षा ने किसानों की समस्या और बढ़ा दी है। धान की फसल पर ब्लास्ट, मास्टर रोग और सफेद तितली जैसे कीटों का प्रकोप फैल रहा है, जिससे बचाव हेतु किसान महंगे कीटनाशकों का उपयोग करने को विवश हैं। वहीं, गांव में मजदूरों की भारी कमी भी देखने को मिल रही है। मजदूरी दर अब 200 रुपये से अधिक हो गई है, बावजूद इसके पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इससे बुवाई, निराई-गुड़ाई और छिड़काव जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसान मनोहर वर्मा, गैद राम साहू, हीराराम साहू, दाउ रविंद्र वर्मा सहित अन्य किसानों का कहना है कि खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है। यदि जल्द ही खाद आपूर्ति और सिंचाई की स्थिति नहीं सुधरी, तो इस वर्ष फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

- महंगे कीटनाशकों का उपयोग करने को विवश हैं किसान

# कामता स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं संकुल कामता में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025-26 के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मकसद बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस ठाकुर और सरपंच घनश्याम गिरि ने प्रमुख भूमिका निभाई। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई—पहले चरण में लिखित परीक्षा और दूसरे में मौखिक प्रश्न पूछे गए। माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर रोमनाथ ध्रुव और आयुष वर्मा रहे, द्वितीय स्थान राधा निषाद और निखिल कुमार को मिला, जबकि तृतीय स्थान टिकेश्वरी साहू, कुलेश्वरी साहू और मनोहरा ने हासिल किया। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान आर्यन टंडन और मनीष निषाद को, द्वितीय स्थान मुस्कान बंजारे और प्रवीण साहू को तथा तृतीय स्थान यशवंत नवागांव और भीनू साहू को मिला। विकासखंड स्रोत समन्वयक किरण कुमार वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सभी प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए प्रोत्साहित किया गया।

- बच्चों में वैज्ञानिक सोच और तार्किकता बढ़ाने का उद्देश्य

### प्रतियोगिता के उद्देश्य

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और तार्किक क्षमता विकसित करना है। इससे छात्रों का ज्ञान निखरता है और वे शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित होते हैं।

### कार्यक्रम में सहभागिता

प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल हुए। शिक्षकगण और विकासखंड अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। बच्चों के लिए भोजन एवं पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई थी।

# नाबालिक से दुष्कर्म और दो महिलाओं से लाखों की ठगी का आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा थाना क्षेत्र में आरोपी जयप्रकाश मिश्रा के खिलाफ नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म और दो अन्य महिलाओं के साथ ठगी के तीन मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी ने भूत-प्रेत भगाने के नाम पर लोगों को डराकर ठगी करने और नाबालिक से जबरदस्ती करने की गंभीर वारदात को अंजाम दिया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर दिनांक 2 सितंबर को सिमगा पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश मिश्रा (44) निवासी रामानुज कॉलोनी, शहडोल, मध्य प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि आरोपी ने भूत-प्रेत भगाने का झांसा देकर नाबालिक लड़की ▶▶ शेष पेज 11 पर



- भूत-प्रेत भगाने के नाम पर नाबालिक से दुष्कर्म
- कॉलेज छात्रा से 1,04,100 की ठगी, आरोपी हिरासत में

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सिमगा पुलिस ने तीन गंभीर मामलों में आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी द्वारा सभी आरोप स्वीकार किए गए हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि आरोपी को जल्द से जल्द न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सावधानी और जागरूकता जरूरी

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति पर भरोसा न करें, विशेषकर भूत-प्रेत या जादू टोना के नाम पर किसी भी प्रकार की आर्थिक लेन-देन या धोखाधड़ी से सावधान रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

## बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा और बाल विवाह पर जागरूकता

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को दी कानून व अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, भटगांव (स) में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन और सचिव न्यायाधीश अंकिता मुदलियार, तालुका समिति अध्यक्ष पुनीतराम गुरूपंच के निर्देशन में आयोजित हुआ।

- गुड टच-बैड टच, पास्को एक्ट व हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

शिविर में बच्चों को पास्को एक्ट, बाल विवाह, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, और शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि कोई बालक या बालिका के साथ यौन दुर्व्यवहार करता है, तो वह पास्को एक्ट के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें कठोर सजा का प्रावधान है। बाल विवाह को गैरकानूनी बताते हुए इसके दुष्परिणाम समझाए गए, खासकर कम उम्र में गर्भधारण से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों पर जोर दिया गया। साइबर सुरक्षा पर जानकारी देते हुए बच्चों को अनावश्यक लिंक न छूने, सोशल मीडिया से दूर रहने और केवल पढ़ाई से संबंधित डिजिटल सामग्री उपयोग करने की सलाह दी गई।





### चाइल्ड हेल्पलाइन और 'डॉन योजना' की जानकारी

*बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और नालसा की डॉन योजना 2025 के बारे में बताया गया। डॉन योजना का उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखना है और सही मार्गदर्शन देना है।*

### शिविर में इनकी रही सहभागिता

*शिविर में पीएलव्ही दीपक कुमार, गजेंद्र बंजारे, प्रधान पाठक देव कुमार साहू, शिक्षक रामेश्वर देवांगन, विजय साहू, और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र उपस्थित रहे।*

# नेशनल लोक अदालत 13 को, निपटेंगे हजारों प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया जाएगा। इस लोक अदालत का उद्देश्य लंबित और प्रारंभिक विवादों को आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र समाधान करना है। मुख्य खबर इस लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस, दीवानी मामले, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, बकाया टैक्स, ट्रैफिक चालान, और प्री-लिटिगेशन मामले निपटाए जाएंगे। यह आयोजन केवल जिला न्यायालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यवहार ▶▶ शेष पेज 11 पर

- लोक अदालत का है यह नारा, दोनों जीते कोई ना हारा
- राजीनामा योग्य मामलों का आपसी सुलह से निराकरण होगा

### जनहित में अपील

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लें। इससे लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचते हुए समय और धन दोनों की बचत संभव है।

### यहां होगा आयोजन

लोक अदालत की खंडपीठें जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार सहित भाटापारा, सिमगा, कसडोल व्यवहार न्यायालयों और तहसील स्तरीय राजस्व न्यायालयों में लगाई जाएंगी। सभी स्थानों पर उचित न्यायिक व्यवस्था के साथ शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### पितृपक्ष में नदी-तालाबों की साफ-सफाई करने की मांग

**रायपुर।** महादेवघाट, एनीकट घाट और अन्य जलस्थलों की साफ-सफाई करने की मांग छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य मनोज सिंह ठाकुर ने नगर निगम से की है। श्री ठाकुर ने बताया कि पितृपक्ष अमावस्या 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 सितंबर तक जारी रहेगी। श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जल तर्पण और तर्पण विधि का पालन करते हैं। इस अवसर पर सभी धर्मावलंबी तालाबों और नदियों में जाकर जल अंजलि, तिलांजलि आदि देने का कार्य करते हैं। इस वर्ष महादेवघाट, नदी घाट और अन्य धार्मिक स्थलों की सफाई की स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। जबकि हजारों श्रद्धालु अपने पितरों को जल तर्पण करने नदी व तालाब आते हैं, वहीं गंदगी और अव्यवस्था का आलम है। यह स्थिति नगर निगम की जिम्मेदारी और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी को दर्शाती है।

### चंगोराभाठा में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**रायपुर।** गणेश विसर्जन के बाद उत्कर्ष गणेशत्सव समिति चंगोराभाठा द्वारा मंगलवार को विशाल महाभण्डारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों लोगों ने भगवान श्रीगणेश के जयघोष के साथ प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही भक्तों की लंबी कतारें प्रसाद ग्रहण करने के लिए लगी हुई थीं। यह कार्यक्रम देव देवांगन सत्या ऑटो पार्ट्स चंगोराभाठा वार्ड 67 की पार्षद ममता सोनू तिवारी, प्रशांत पाण्डेय, सूर्यकांत पटेल, उमाशंकर देवांगन, खिलेश देवांगन, भूदेव देवांगन, राहुल वर्मा, मोहित चौधरी, विशाल चौधरी, साधक वर्मा, हर्ष साहू, आलोक वर्मा, गिरीश वर्मा, हिमांशु ठाकुर, दीपांशु ठाकुर, आशुतोष पटले, भोला, रविंद्र एवं समस्त समितियों के सदस्यों के सहयोग से किया गया।

### विघ्नहर्ता ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

**रायपुर।** छग झाडे गड़रिया महिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से विघ्नहर्ता ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां समाज के अध्यक्ष गोविंद धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा गणेशजी के विभिन्न रूपों को बच्चों ने कैनवास पर खूबसूरती से उतारा। प्रतियोगिता में श्रुतिका चिव्हाने, देवास, वंशिका निव्हल, सानवी धनकर, प्रियांश धनगर, भावना धनकर, शिवान्या पाटिल, रूसिका धनगर, भव्या धनगर को चयनित किया गया। साथ ही भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों में जयकुमार धनगर, धावित धनकर, क्रियांश धनगर, शिवांशी धनकर, पार्थ धनगर, सोवित धनगर, शिवान्या पाटिल, शिवांस पाटिल, यश्वी धनकर, देशन धनकर, भव्या को साज-सज्जा में भाग लेने के लिए चयनित किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष उमाबाई धनकर, संयोजक यशोदा बाई धनकर ने समाज के बच्चों को उनकी प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दीं।

### प्रदेश के भाजपा सांसदों ने भी किया मतदान

**रायपुर।** उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को नई दिल्ली के संसद भवन में मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने भी मतदान किया। इस दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद व मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय, सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के साथ ही बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, भोजराज नाग और राज्यसभा सदस्य देवेन्द्रप्रताप सिंह ने मतदान किया।

# रविवि का भूतिया रिजल्ट... वेबसाइट खोलते ही काले पन्ने, नतीजों का अता-पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- किन विषयों के पुनर्गणना परिणाम, यह ही स्पष्ट नहीं, सिर पकड़कर बैठे छात्र


ए ग्रेड प्राप्त पं.रविशंकर शुक्ल विवि में जो ना हो जाए वो कम है। मंगलवार को रविवि ने कुछ विषयों के पुनर्गणना परिणाम घोषित किए। किन विषयों के परिणाम रविवि ने घोषित किए हैं, यह ही स्पष्ट नहीं हो सका है। दरअसल, विवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट के लिंक पर नतीजों की जो पीडीएफ फाइल अपलोड की है, उसमें काले पन्नों के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। मंगलवार को अपलोड की गई 49 पेज की पीडीएफ फाइल में सिर्फ एक-दो पेज में ही आधे-अधूरे शब्द समझ में आ रहे हैं। पुनर्गणना के लिए आवेदन करने के बाद नतीजों का इंतजार कर रहे विद्यार्थी लगभग प्रत्येक दिवस रविवि की आधिकारिक वेबसाइट खंगालते हैं।

मंगलवार को जब रिजल्ट वाले सेक्शन में जाकर छात्रों ने अपने परिणामों के संदर्भ में जानकारी चाही तो जो पीडीएफ फाइल उनके सम्मुख खुला, उसे देखते ही वे खुद ही चकरा गए। किसी भूतिया फिल्म में टीवी के चलचित्र गायब होने के बाद जो दृश्य उत्पन्न होता है, वह ही दृश्य रविवि के रिजल्ट लिंक पर भी नजर आ रहा है। वेबसाइट में जाकर नतीजे संबंधित लिंक खोले जाने पर भूतिया फिल्म सरीखे अहसास हो रहा है।

## 49 पेज की पीडीएफ फाइल में एक-दो पेज में ही नजर आ रहे कुछ अंश

### पूर्व जांच नहीं

कई छात्रों ने इसे हल्के-फुल्के अंदाज में आपस में साझा भी किया। हालांकि इसके बाद से रविवि की प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वेबसाइट पर अपलोड किए जाने से पूर्व इन पीडीएफ फाइलों की जांच नहीं किए जाने के बाद ही इस तरह की त्रुटि संभावित है। वर्ष की शुरुआत से ही रविवि की परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। प्रश्नपत्र बांटने में विलंब से लेकर परीक्षा स्थगित किए जाने तक की घटनाएं थोक में हुई हैं। इसे लेकर भी विवि की किरकिरी हुई थी। ए ग्रेड मिलने के बाद भी इसमें कोई सुधार नहीं है और ना ही मानवीय त्रुटियों को नियंत्रित करने प्रयत्न किया जा रहा है।



### चुनौती मूल्यांकन को लेकर भी रोष

मूल्यांकन में विलंब के अतिरिक्त चुनौती मूल्यांकन को लेकर भी छात्रों में रोष है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए चुनौती मूल्यांकन का प्रावधान रखा गया है। पुनर्गणना अथवा पुनर्मूल्यांकन परिणाम से असंतुष्ट रहने पर छात्र इसके लिए आवेदन कर सकेंगे, लेकिन इसकी फीस 2500 रुपए रखी गई है। छात्र की आपत्ति सही पाए जाने पर भी राशि वापस नहीं होगी। इतनी अधिक राशि को लेकर छात्रों में रोष है।

## मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

# 12 दिन पहले संदिग्ध हालत में मिली तमन्ना की लाश, शरीर पर चोटों के निशान, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेबर सिटी में 12 दिनों पहले एक महिला की संदिग्ध हालत में मिली लाश के मामले में नया मोड़ सामने आया है।

- परिवार वालों ने आरोप लगाया कि बेटी को उसका पति, सास दहेज को लेकर प्रताड़ित किया करते थे

मृतका के परिजनों से पता चला कि मृतका के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जबकि उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया था कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिजनों ने भी आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को उसका पति, सास दहेज को लेकर प्रताड़ित किया करते थे, जिससे वह दुखी रहती थी। परिजनों ने इस मामले में एसएसपी रायपुर को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### ससुराल में 28 अगस्त को मिली थी तमन्ना की लाश

पुरानी बस्ती पुलिस के अनुसार तमन्ना परवीन की लाश 28 अगस्त को उसके ढेबर सिटी स्थित ससुराल घर में मिली थी। उसकी मौत की सूचना उसके पति फिरोज अंसारी ने पुलिस को दी थी। पुलिस को बताया गया था कि तमन्ना ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इस सूचना पर पुलिस ने फिरोज के घर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच करते हुए इसे आत्महत्या ही मानकर मर्ग कायम किया है। इधर इस घटना की सूचना पर मृतका के पिता एसके अख्तर जो जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में रहते हैं, रायपुर पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि उसकी मृत बेटी का पोस्टमार्टम एम्स हास्पिटल में किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस अधिकारी से रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने इसे आत्महत्या मानकर कोई शिकायत दर्ज नहीं की, जिसके बाद वे बेटी के शव को अपने पुस्तैनी घर जमशेदपुर ले गए, जहां मुस्लिम रीति के साथ सुपुर्देखाक किया।

### जांच की जाएगी

मृतका के परिजनों ने दहेज के नाम पर ससुराल पक्ष पर हत्या की आशंका जताई है। पीएम रिपोर्ट में फांसी से मौत होना पाया है, लेकिन शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इसकी जानकारी सामने आई है। इसकी जांच कराई जाएगी।

*- दौलत राम पोर्ते, एएसपी*

### मृतका के परिजनों को अभी तक नहीं मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट

मृतका के पिता अख्तर ने बताया कि उसकी बेटी का पोस्टमार्टम की शॉट रिपोर्ट अभी तक उसे पुलिस से प्राप्त नहीं हुई है, वहीं तमन्ना के शव का जो विडियो बना है, उसमें साफ दिखाई दे रहा है कि तमन्ना के चेहरे, हाथ-पैर एवं बदन पर जगह-जगह चोट के निशान हैं। इन चोटों को देखकर स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि मृत्यु से पहले तमन्ना के साथ मारपीट की गई है। मृतका के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि थाना पुलिस इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।

# अंतिम नोटिस की अनदेखी मोटर वर्कशाप परिसर सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 5 के राजस्व विभाग की टीम ने किया सीलबंद

मंगलवार को निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन 5 सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव, मनीष भोई के नेतृत्व में टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित मोटर वर्कशाप परिसर को संबंधित संचालक द्वारा बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर सील कर दिया। इसके लिए अमरपाल सिंह, पिता कुदरत सिंह को जोन 5 द्वारा डिमांड बिल का अंतिम नोटिस जारी किये जाने के बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर परिसर को सील करने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा शहर के बड़े बकायादारों पर बकाया संपत्ति कर वसूली के लिए इन दिनों जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल और उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा के निर्देश पर जोन 5 की राजस्व टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित मोटर वर्कशाप परिसर को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर सील कर दिया। सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव ने बताया कि अमर पाल सिंह पिता कुदरत सिंह का वर्ष 2016 -17 से वर्ष 2025 -26 तक बकाया राशि भुगतान के लिए जोन के माध्यम से डिमांड बिल लगातार भेजा गया। इसके बाद अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर परिसर को सील किया गया। इस अभियान में सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव, राजस्व निरीक्षक राजेश मुले, मनीष भोई , सहायक राजस्व निरीक्षक अमर सागर, रत्नदीप करवाड़े, मयंक यादव, विपिन सोनी, महावीर घनश्याम, देवेंद्र नेताम की उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य केंद्र में अमानक दवा ड्रग इंस्पेक्टर ने बदला सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- शिकायत पर जांच शुरू
- बोरियाकला स्वास्थ्य केंद्र का मामला, शिकायत के बाद मचा हड़कंप

शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में आयरन की गोली खराब होने की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचा ड्रग इंस्पेक्टर खुद जांच के दायरे में आ गया है। उस पर सैंपल बदलने और हेल्थ सेंटर के स्टाफ को धमकाने का आरोप है। औषधि निरीक्षक के खिलाफ हुई विभागीय शिकायत के बाद अफसरों ने उससे जवाब मांगा है।

वर्तमान में सरकारी अस्पतालों में दवाओं के अमानक मिलने का दौर चल रहा है। ऐसे में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को दवाओं को लेकर संवेदनशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच आमानाका इलाके में रहने वाले गजानन नायक द्वारा औषधि निरीक्षक ओपी यादव के खिलाफ की गई शिकायत के मामले को संवेदनशील बनाती है।

अफसरों को की गई शिकायत में नायक ने बताया है कि बोरियाकला में घटिया आयरन टेबलेट का मामला सामने आया था। इस बीच दवाओं की अन्य तरह की शिकायत लेकर एफडीए के औषधि निरीक्षक ओपी यादव स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। आरोप है कि उन्होंने वहां से सैंपल उठाया, मगर दवा कंपनियों की साठगांठ के बाद उसे बदल दिया। यादव पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकीय स्टाफ को भी धमकाने का आरोप है। शिकायतकर्ता द्वारा सहायक नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई शिकायत में संबंधित दवा कंपनी से घटिया स्तर की दवा की ओके रिपोर्ट देने की तैयारी की जा रही है।

### मांगा गया स्पष्टीकरण

ड्रग इंस्पेक्टर को सैंपल लेने भेजा गया था, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य केंद्र में क्या हुआ, इस बारे में उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

*- संजय नेताम, जिला सहायक नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

# गोमती नगर से महबूब नगर के बीच 6 फेरे के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा व अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने गोमती नगर और महबूब नगर के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 05314/05313 गोमती नगर–महबूब नगर–गोमती नगर फेस्टिवल स्पेशल कुल 06 फेरे के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 05314 प्रत्येक रविवार को 28 सितम्बर से 02 नवम्बर तक चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 05313 महबूबनगर से प्रत्येक सोमवार को 29 सितम्बर से 03 नवम्बर तक चलेगी। इस विशेष ट्रेन से त्योहार के समय यात्रियों को अधिक आरक्षित बर्थ की सुविधा उपलब्ध होगी और यात्रा सुगम हो सकेगी।

### चिन्ना गंजम स्टेशन पर तिरुपति एक्सप्रेस का ठहराव

रेल यात्रियों की सुविधा व उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा रेल मंडल अंतर्गत चिन्ना गंजम स्टेशन पर ट्रेन संख्या 17481 बिलासपुर–तिरुपति एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव जारी रहेगा। यह ठहराव यात्रियों की सुविधा के लिए आगामी 5 फरवरी 2026 से लागू होगा।

# कम डाक्टर वाले छोटे प्राइवेट अस्पतालों से लाखों का क्लेम, इनपुट के आधार पर जांच टीम सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना, निजी हास्पिटलों में पहुंच रही इंवेस्टीगेशन टीम

एमबीबीएस डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त संख्या नहीं होने के बाद भी बड़ी संख्या में आयुष्मान हितग्राहियों का इलाज कर लाखों का क्लेम करने के इनपुट के आधार स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए सक्रिय हुई है। आंबेडकर अस्पताल से आने वाले क्लेम से तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद निजी अस्पतालों में जाकर किए गए इलाज के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना का बजट पहले 1200 करोड़ था, जिसे बढ़ाकर 1500 करोड़ किया गया है, जिसे भी कम माना जा रहा है, क्योंकि निजी अस्पतालों द्वारा बड़ी संख्या में मरीजों के इलाज के दावे किए जाते हैं। सरकारी की तुलना में निजी अस्पताल के क्लेम वाले बड़े अंतर को ध्यान में रखते हुए इसे जांच का हिस्सा बनाया गया है। इसकी वास्तविकता जानने स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इसके लिए विभिन्न निजी अस्पतालों में जाकर किए गए क्लेम से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ इस बात की पुष्टि भी की जा रही है कि उनके द्वारा योजना में इंपैनल्ड होने के दौरान तय किए गए नियम का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। सूत्रों के अनुसार जांच में इस तरह की बात सामने आ रही है कि ज्यादातर निजी अस्पतालों द्वारा एमबीबीएस डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ रखने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उनके द्वारा एमबीबीएस के बजाए बीएएमएस डाक्टरों द्वारा काम चलाया जा रहा है। वहीं नर्सिंग स्टाफ के लिए भी निर्धारित योग्यता का पालन नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अस्पतालों की जांच किसी तरह की विशेष शिकायत पर ना होकर नियमित प्रक्रिया के तहत हो रही है।

### इस तरह की शिकायत ज्यादा

नियम के मुताबिक योजना में शामिल अस्पतालों में 20 बेड के हास्पिटल में एक टाइम में एक एमबीबीएस डॉक्टर यानी दिनभर में तीन तथा 6 बेड में जनरल वार्ड में एक नर्स यानी दिनभर के लिए तीन नर्सिंग स्टाफ होना जरूरी है। सूत्रों के अनुसार ज्यादातर अस्पतालों द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जाता। डाक्टरों के रूप में आरएमए अथवा बीएएमएस की ड्युटी लगाई जाती है जो नियम के विपरीत है।

### गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई

अस्पतालों में नियमित प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है। इस दौरान कहीं गड़बड़ी पाई जाती है, तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान योजना के साथ नर्सिंग होम एक्ट के नियम पालन अस्पताल में कराने पर जोर दिया जा रहा है।

*- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ*

# मितानिनों की एक माह से चल रही हड़ताल स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात के बाद स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पचास फीसदी वेतन वृद्धि सहित तीन सूत्रीय मांग पर चल रहा था आंदोलन

वेतन में पचास प्रतिशत की बढ़ोतरी सहित तीन सूत्रीय मांग पर आंदोलनरत मितानिनों की हड़ताल स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात के बाद स्थगित हो गई। बैठक के दौरान मितानिनों के प्रतिनिधिमंडल को बताया गया है, उनके वेतन में बढ़ोतरी का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

मितानिनों की हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य शासकीय कार्यक्रम काफी प्रभावित हो रहे थे। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटरिया से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मांगों पर चर्चा की। इस दौरान आरओपी में प्रशिक्षकों के लिए 16 रुपये प्रतिदिन, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर के लिए 23 रुपये प्रतिदिन तथा ब्लॉक समन्वयक के लिए 1875 रुपये निर्धारित किए जाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके सामान्य सभा के अध्यक्ष सचिव स्वास्थ्य एवं कार्यकारी समिति के अध्यक्ष आयुक्त स्वास्थ्य हैं, जिसके माध्यम से मितानिन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। प्रदेशभर में 80 हजार से ज्यादा मितानिन, प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेट, विकासखंड ब्लॉक समन्वयक 7 अगस्त से अपना काम बंद कर धरने पर बैठे थे। उनके आंदोलन की वजह से निचले स्तर पर संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे थे। विभागीय स्तर पर उन्हें मनाने का प्रयास चल रहा था, जिस पर सफलता मिल गई है। स्वास्थ्य सचिव के साथ हुई बैठक के दौरान आयुक्त सह मिशन संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला एवं मितानिन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अजय शंकर कन्नौजे मौजूद रहे।

प्रभारी पायलट को मिला शिकायतों का उपहार

# मंत्री कश्यप बोले- 28 तक 28 टुकड़ों में न बंट जाए कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 2028 का चुनाव एकजुट होकर लड़ने की बात कह रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति को देखते हुए संभव नहीं है। शायद 28 तक कहीं कांग्रेस 28 भागों में न बंट जाए। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के रायपुर प्रवास के बाद ही उन्हें कांग्रेसी शिकायतों का उपहार दे रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस में जिस तरह का बिखराव है, वह किसी से छिपा नहीं है। पहले पीसीसी फिर बीसीसी और अब बीबीसी के रास्ते पर कांग्रेस का संगठन चल पड़ा है। बीबीबीसी यानी बाबा, भूपेश, बैज कमेटी के रूप में कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का वर्गीकरण हो गया है। उन्होंने कहा, इन सबके बीच श्री पायलट को यह कहना पड़ा कि कांग्रेस अगला चुनाव एकजुटता के साथ लड़ेगी, लेकिन उनके छत्तीसगढ़ के लौटते ही कांग्रेस के शीर्ष लोगों में जो भीषण वर्ग कोहराम होता है, उसे कोई नहीं रोक सकता। सचिन पायलट की हर बातें उनके संगठन के भीतर कोई गंभीरता से नहीं लेता और जिस तरह की अनुशासनहीनता है वह किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा, दस जनपथ से चलने वाली कांग्रेस का ईश्वर ही मालिक है। कई खेमों में बंटी कांग्रेस को इस बात की चिंता है कि सब एक मंच में कैसे आए और इसी विचलित मन के साथ सचिन पायलट छत्तीसगढ़ में प्रवास करने को विवश है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी एक ट्रक राहत सामग्री



**रायपुर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा और हैप्पी सिब्बल ने मानवीय पहल करते हुए एक ट्रक राहत सामग्री रवाना की। राहत सामग्री में तालपत्री, मच्छरदानी, अनाज शामिल है। श्री जुनेजा और श्री सिब्बल ने बताया कि यह सहायता पंजाब के उन क्षेत्रों में भेजी जा रही है, जो वर्तमान में बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित हैं और जहां जरूरतमंदों को त्वरित राहत की आवश्यकता है। इस अवसर पर श्री जुनेजा ने कहा, "देश के किसी भी कोने में यदि कोई आपदा आती है तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि एकजुट होकर मदद करें। यह हमारी सामाजिक और मानवीय ज़िम्मेदारी है।" श्री जुनेजा और सिब्बल ने आगे भी इस प्रकार की सहायता जारी रखने का आश्वासन दिया और सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी इस नेक कार्य में योगदान दें। राहत सामग्री रवाना करने के दौरान अनेक सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोचन चावला, इंद्रजीत सिंह, परगट सैनी, कुलदीप सब्बरवाल, अशोक खूबचंदानी, मनजीत आहूजा, कबीर सिब्बल, हरजीत जुनेजा, करण जुनेजा, पप्पू दामाखेड़ा व स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर निकाली गई रैली

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में रजत महोत्सव रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए दीवान ने छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित महात्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया एवं नारे गीत के माध्यम से विकास के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का आव्हान करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छत्तीसगढ़ स्थापना के पच्चीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में स्थापना से लेकर स्वर्णिम 25 वर्ष तक के महत्वपूर्ण उपलब्धियों से भरे हुए सफर तथा विकसित छत्तीसगढ़ 2047 लक्ष्य को प्राप्त करने का विजन के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं संदेश देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ का गौरव गान शिक्षा, स्वास्थ्य और किसान व छत्तीसगढ़ की क्या पहचान संस्कार, संस्कृति और विज्ञान जैसे नारे लगात हुए बाजार चौक तक रैली निकाली।

दिवस : समाज में शिक्षा के महत्व और प्रेरणा का संदेश

# सतनामी समाज ने शिक्षक दिवस पर ममता टंडन को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

राजधानी रायपुर के सांस्कृतिक क्षेत्र में सतनामी समाज ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सकरी की शिक्षिका ममता टंडन को शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल, शील्ड और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान शिक्षा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता और शिक्षकों के महत्व को दर्शाता है।

कार्यक्रम में विधानसभा आरंग के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु सुखवंत साहेब ने सम्मान समारोह में मुख्य भूमिका निभाई। सतनामी समाज का मानना है कि शिक्षा सामाजिक और व्यक्तिगत विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज के भविष्य के निर्माता होते हैं। सतनामी समाज के इस सम्मान कार्यक्रम ने शिक्षक समुदाय को प्रोत्साहित किया और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने समुदाय के भीतर एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत किया। ऐसे सम्मान कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भी शिक्षा के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करते हैं। समाज के शिक्षक सम्मानित होने से उनकी मेहनत और समर्पण को स्वीकार किया जाता है, जो समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। सतनामी समाज द्वारा इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल



बनाने का एक प्रभावशाली प्रयास है।

### शिक्षक सम्मान का महत्व

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करना उनकी सेवा और समाज में उनके योगदान को मान्यता देना है। यह सम्मान शिक्षकों को प्रेरित करता है और शिक्षा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सतनामी समाज और शिक्षा

सतनामी समाज शिक्षा को सामाजिक विकास का आधार मानता है। वे अपने शिक्षकों को समाज के निर्माता मानते हैं और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय में शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे समाज की एकता और समृद्धि बढ़ती है।

# युक्तधारा प्रशिक्षण में विकास योजनाओं को मिलेगी नई दिशा



हरिभूमि ▶▶| न्यूज खरोरा

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने की दिशा में ग्राम पंचायत सिनोधा में 9 सितंबर को युक्तधारा प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्यों को वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित ढंग से तैयार करना तथा ग्रामवासियों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण करना था। प्रशिक्षण के माध्यम से वर्ष 2025-26 की मनरेगा कार्ययोजना हेतु आवश्यक मार्गदर्शन और उपकरण उपलब्ध कराए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से संयुक्त आयुक्त रामधन श्रीवास्तव, प्रदान संस्था से मधुसूदन तिवारी, जनपद पंचायत तिल्दा सीईओ कुमार सिंह लहरे, मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी नीलकमल पटेल सहित सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह आयोजन प्रेरणादायी बना। इस अवसर पर मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता बढ़ाने हेतु विशेष तकनीकी पहल की गई। ग्राम पंचायत में क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसे स्कैन कर कोई भी ग्रामवासी पिछले तीन वर्षों के विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। जनपद तिल्दा की सभी पंचायतों में यह व्यवस्था लागू की गई है। सीईओ कुमार सिंह लहरे ने कहा कि युक्तधारा प्रशिक्षण से योजनाओं को नई दिशा मिलेगी और आत्मनिर्भर, सशक्त गांव बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा।

# धोबी समाज के पदाधिकारियों ने की गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात



हरिभूमि ▶▶| मुंडा

धोबी समाज लवन राज के पदाधिकारियों के द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से उनके निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में सौजन्य मुलाकात किया गया। सौजन्य मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम धोबी समाज के पदाधिकारियों ने लंबे समय से बारिश नहीं होने पर किसानों की परेशानियों को देखते हुए किसानों की मांग पर नहर में गंगरेल बांध से पानी छोडवाए जाने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को गुलदस्ता भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही साथ समाज के विकास के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीला देवी रजक, जनपद सभापति पलारी अश्वनी रजक, लवन राज कोषाध्यक्ष बालकुमार रजक, सचिव चोवाराम निर्मलकर, संगठन मंत्री हरिराम रजक, ऑडिटर पंचराम निर्मलकर, जेठूराम रजक, घना राम रजक, हार्दिक रजक, धनुष निर्मलकर, शंकर लाल निर्मलकर, ठाकुर राम निर्मलकर, हंसराम रजक, मेलाराम रजक, शिवकुमार निर्मलकर, विश्वनाथ रजक, धरमलाल निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, झूला राम निर्मलकर, सहित धोबी समाज के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# खरोरा में लगा विज्ञान मेला, 83 छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए विज्ञान मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- रेन वॉटर हार्वेस्टिंग से लेकर चंद्रयान तक हर मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

मुख्य खबर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस विज्ञान मेले में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 83 विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए, जो वरिष्ठ व्याख्याताओं के मार्गदर्शन में तैयार किए गए थे। प्रदर्शनी में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, चंद्रयान, सोशल नेटवर्किंग, स्टार टोपोलॉजी, आवर्त सारणी, फायर बबल, अम्ल वर्षा, भूकंप सूचक यंत्र, एयर पॉल्यूशन और कार्बन शुद्धिकरण जैसे विषयों पर तैयार मॉडल दर्शकों का केंद्र बने। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा, “ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को शोध और नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं।” शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से कराने





की बात कही।

### गाइड शिक्षक और प्रेरक सहयोग

*वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, तान्या भट्टाचार्य और प्रिया संघवी ने छात्रों को मार्गदर्शन देकर विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, शाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, संजीव देवांगन, सुनील नायक, रश्मि वर्मा, गुरजीत कौर भाटिया और पंचराम यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।*

# मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- महिला केंद्रित विषयों पर हुई चर्चा, कानून, योजनाएं और अधिकारों की दी गई जानकारी

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प-एचईडब्ल्यू के अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में उच्च शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं कौशल विकास के बारे में जानकारी दी। जिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, जिला



मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी द्वारा महिला संबंधित कानून का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना जैसे दहेज प्रतड़ना, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक न्याय एवं लैंगिक कानून एवं जेंडर संवेदीकरण की आवश्यकता एवं महत्व और सुधार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य महिला एवं बच्चों से संबंधी कानून की जानकारी दी गई।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा में आई नई रोशनी, अब हर विषयों की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण नीति ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को विषयवार शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। इसी का जीवंत उदाहरण है हायर सेकेंडरी विद्यालय पिरदा (जिला महासमुंद), जहां हाल ही में इस नीति का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।



विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया ने बताया कि पहले यहां केवल 6 शिक्षक कार्यरत थे। यद्यपि वे अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर रहे थे, लेकिन विज्ञान सहायक, अर्थशास्त्र एवं व्यायाम शिक्षक उपलब्ध न होने के कारण कक्षाओं का संचालन अधूरा रह जाता था। विज्ञान विषय पढ़ने वाले छात्र जटिल विषयों की गहराई समझने से वंचित हो रहे थे। अर्थशास्त्र विषय की अनुपस्थिति से बारहवीं कक्षा के बच्चों की उच्च शिक्षा की तैयारी अधूरी रह जाती थी। व्यायाम शिक्षक न होने से खेलकूद जैसी शारीरिक एवं मानसिक विकास की गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर ही नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और उत्साह पर भी पड़ रहा था।

अभिभावक और ग्रामीण भी इस कमी से चिंतित थे। शासन की युक्तियुक्तकरण नीति लागू होने के बाद विद्यालय को 3 नए शिक्षक उपलब्ध कराए गए। विज्ञान सहायक शिक्षक श्री महेन्द्र ध्रुव की नियुक्ति से अब विज्ञान की पढ़ाई व्यवस्थित ढंग से हो रही है। मधुमति चंद्राकर व्याख्याता अर्थशास्त्र की नियुक्ति से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु मजबूत आधार मिला है। व्यायाम शिक्षक ओपी जायसवाल की उपलब्धता से खेलकूद गतिविधियों में नई जान आ गई है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है। वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 89 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नए शिक्षकों की नियुक्ति से उनकी पढ़ाई में नई ऊर्जा आई है। बच्चे नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल हो रहे हैं और पढ़ाई में गहरी रुचि ले रहे हैं।

# आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी कॉलेज में हुई विविध स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में विविध आयोजनों की श्रृंखला में प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने न केवल ज्ञान में प्रतिस्पर्धा की, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विकास यात्रा को रंगों में ढालकर प्रस्तुत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर रही। स्वागत उद्बोधन की



कड़ी में प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती को एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, परंपरा और पहचान का प्रतीक है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक संपदा, लोक कला, जनजातीय संस्कृति और मेहनती लोगों के लिए जाना जाता है। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपने राज्य के इतिहास को जानें, गर्व करें और इसके उज्ज्वल भविष्य में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान प्रतियोगिताएं और रचनात्मक गतिविधियां केवल बौद्धिक विकास ही नहीं, बल्कि आत्म-विश्वास और समाज से जुड़ाव का भी माध्यम हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों से छत्तीसगढ़ के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, राजनीति और प्रमुख उपलब्धियों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे गए। इस दौरान छात्रों ने अपनी तीव्र बुद्धि और राज्य के प्रति समझदारी का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन ग्रुप में हुई। इसमें भाग लेने वाले छात्र बीएससी तृतीय वर्ष से मानसी छत्री, अदिति, माहेनूर खान, बीए तृतीय वर्ष से तोषिका, हेमलता, विजयलक्ष्मी, बीएससी द्वितीय वर्ष से चिराग साहू, फरजाना कुरैशी, ट्विंकल साहू, अंजलि, शिवानी दवे, सृष्टि रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। चित्रों और नारों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय जीवन, प्राकृतिक संसाधन और विकास की झलकियां प्रस्तुत की गईं।

# हाईस्कूल बड़गांव में छग रजत महोत्सव अंतर्गत शिक्षक दिवस एवं विश्व साक्षरता दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत शिक्षक दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का संयुक्त कार्यक्रम मनाया गया। शिक्षक दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत संकुल प्राचार्य केएस सोरी एवं एनडी मानिकपुरी संकुल समन्वयक, सहदेव ध्रुव सीएसी, नंदनी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाईस्कूल बड़गांव एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा संकुल प्राचार्य केएस सोरी का फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया



गया। तत्पश्चात एनडी मानिकपुरी, सहदेव ध्रुव संकुल समन्वयक, नंदिनी ध्रुव सरपंच, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष, ललित निषाद, कनक चंद्राकर, करण अनंत, ख़ेमन साहू, ईश्वर साहू प्रधानपाठक, महेश कुमार ध्रुव, सुनील साहू, सूर्यबाला ठाकुर, रेखा राजपूत व्याख्यातागण तथा जवाहर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि गुमान चंद्राकर शिक्षक, खेमिन चंद्राकर शिक्षिका, गोवर्धन प्रसाद साहू शिक्षक, लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा सहायक शिक्षिका, हिरौंदी बाई, सुदामा निर्मलकर पालक सदस्यों, रतिराम का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नमंच कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सुवा नृत्य, पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिक्षक सम्मान अंतर्गत संकुल प्राचार्य केएस सोरी का अनिल वर्मा प्राचार्य एवं हाईस्कूल बड़गांव स्टॉफ की ओर से साल, श्रीफल, कलम भेंटकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित संकुल समन्वयक, सभी प्रधानपाठक, सभी व्याख्यातागण, शिक्षक/शिक्षिकाओं का श्रीफल, गमछा व कलम भेंटकर सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच नंदनी ध्रुव, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष, दौवा यादव एवं उपस्थित सभी अतिथियों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सहदेव ध्रुव, केएस सोरी संकुल प्राचार्य ने संबोधित किया। आभार अनिल वर्मा प्राचार्य ने और संचालन महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता ने किया।

## पेज 9 के शेष

### जान से मारने...

अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देवेंद्र कुमार सचदेव (52), माधव सचदेव (23), देवांश सचदेव (27) और आशीष कुमार सविता (29) को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने मारपीट और धमकी की बात स्वीकार की है। पुलिस ने घटना में उपयोग की गई वर्टस कार, स्कॉर्पियो वाहन और मारपीट में प्रयुक्त हथियार जप्त कर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

**अधिकारियों की प्रतिक्रिया** –पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। ऐसे गंभीर मामलों में पुलिस पूरी सजगता से कार्यवाही करती है। पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाया जा रहा है।

**घटना के बाद उठाए गए कदम** –मामले में वर्टस कार और स्कॉर्पियो सहित मारपीट में प्रयुक्त लाठी-डंडे, हॉकी स्टिक, लोहे के पंच आदि को जब्त कर जांच जारी है। स्थानीय पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त गश्त भी बढ़ा रही है। जनता से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### नाबालिक से दुष्कर्म...

के घर में घुसकर चाकू दिखाकर डराया-धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपी ने 30 अगस्त को कॉलेज छात्रा को भूत-प्रेत का साया बताकर डराया और 2-3 सितंबर की मध्यरात्रि उसके घर आकर पूजा पाठ का झांसा देकर 18,600 की ठगी की। तीसरे मामले में 7 सितंबर को आरोपी ने कॉलेज छात्रा को पुलिस वाला बताकर 85,500 की ठगी की। तीनों मामलों की जांच के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई जारी है।

### नेशनल लोक अदालत...

न्यायालय भाटापारा, सिमगा, कसडोल, साथ ही राजस्व एवं तहसील न्यायालयों में भी लोक अदालत की खंडपीठें गठित की गई हैं। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और परिवहन विभाग के सहयोग से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने हेतु शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।




# एनएचएम कर्मियों ने निकाली संविदा प्रथा की शव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





एनएचएम संविदा कर्मचारी नियमितीकरण वेतन वृद्धि जैसे 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 24 दिनों से धरने पर बैठे हुए है। वे सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे है। आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में एनएचएम कर्मियों ने संविदा प्रथा का शव यात्रा निकाला और नारे लगाए राम नाम सत्य है संविदा प्रथा व्यर्थ है । इसके साथ ही आपने ने बनाया है आप ही संवारेंगे का नारा लगाते हुए जिला भाजपा कार्यालय का घेराव कर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा को ज्ञापन दिया है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने उनकी मांग को शासन स्तर तक रखने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा से ही बदलेगी तकदीर और तस्वीर



**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती पर भूतपूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद तामेश्वर मरकाम ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति, समाज और देश की तकदीर बदलती है। प्रभारी प्राचार्य आर.के. साहू ने राज्य की वन व खनिज संपदा और शिक्षा-स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में हुए विकास को रेखांकित किया। छात्र-छात्राओं ने रोजगार, संस्कृति और स्वच्छ-स्वस्थ समाज निर्माण पर विचार रखे। संयोजक डॉ. वाल्मीकि साहू ने आह्वान किया कि युवा शक्ति के सहयोग से छत्तीसगढ़ को समृद्ध और नशा मुक्त राज्य बनाना होगा।

### खरोरा में सनम जांगड़े का प्रथम आगमन आज

**खरोरा।** भारतीय जनता पार्टी अनु. जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े का प्रथम आगमन 11 सितंबर को खरोरा में हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कार्यालय, बस स्टैंड के पास दोपहर 1 बजे स्वागत व परिचयात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात 2 बजे से सेवा पखवाड़ा कार्यशाला एवं मंडल बैठक होगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा व इंद्र कुमार साहू सहित प्रदेश व जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा करेंगी।

### बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**खरोरा** । क्षेत्र में लगातार घंटों तक बिजली गुल रहने की समस्या ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गर्मी व उमस भरे मौसम में बिजली कटौती लोगों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं साबित हो रही है । बिजली की अनियमित आपूर्ति का असर सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि दफ्तरों, बैंकों जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों का कामकाज भी ठप पड़ रहा है। आए दिन की इस समस्या से नागरिकों के दैनिक कार्य बाधित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि आवश्यक कार्य जैसे बच्चों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियां और घरेलू कामकाज भी अधर में लटके रहते हैं। बार-बार बिजली गुल होने से लोग नाराज़ और परेशान हैं । नगरवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से स्थायी समाधान की मांग की है ताकि बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत मिल सके और सामान्य जीवन पटरी पर लौट सके।

### सीपी राधाकृष्णन के अनुभव का लाभ देश को मिलेगा

**महासमुंद।** एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर मिली जीत को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने लोकतंत्र की जीत बताया है। भाऊराम ने कहा कि राधाकृष्णन की जीत से न केवल सत्ताधारी गठबंधन को मजबूती मिली है, बल्कि देश को एक अनुभवी और सशक्त उपराष्ट्रपति भी मिल गया है। इस उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए। राधाकृष्णन की जीत ने न केवल एनडीए को मजबूती दी है, बल्कि उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इस चुनावी प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही राधाकृष्णन अब उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे और राज्यसभा के सभापति के रूप में भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

## शिक्षा जगत : स्कूल में 106 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत

# युक्तियुक्तकरण से प्राथमिक शाला छुईहा में अब पर्याप्त शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था हुई सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छुईहा (माल गुजारी) में युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप पढ़ाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो गई है। विद्यालय की दर्ज संख्या 106 है, जिसमें 54 छात्र और 52 छात्राएँ अध्ययनरत हैं।

पूर्व में विद्यालय में केवल दो शिक्षक पदस्थ थे जिसके कारण पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी। अब दो अतिरिक्त शिक्षकों के जुड़ने से बच्चों को प्रत्येक विषय का अध्यापन व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिल रहा है। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला इंद्रा कॉलोनी बिनौरी से श्रीमती मंजूषा वर्मा तथा शासकीय प्राथमिक शाला रवान से श्रीमती चंद्रकला सोनवानी की पदस्थापना की गई है।



**बच्चों और अभिभावकों में प्रसन्नता-** विद्यालय में शिक्षकों की संख्या दोगुनी होने से बच्चों और अभिभावकों में प्रसन्नता का वातावरण है। विद्यालय की कक्षा पांचवी की छात्रा दीपिका घृतलहरे ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले केवल दो शिक्षक थे, जिसके कारण सभी विषयों की पढ़ाई संभव नहीं हो पाती थी, लेकिन अब चार शिक्षक हो जाने से सभी विषयों की पढ़ाई अच्छे से हो रही है।विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कदम साबित होगा।

### विद्यालय में किया गणवेश वितरण

**अर्जुनी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में 10 सितंबर को कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणवेश वितरण किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया साथ ही आए हुए अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत सम्मान शिक्षकों द्धारा किया गया। गणेश वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कविता भगेला ध्रुव थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष कन्हैया कटारे तथा विद्यालय के शिक्षको की उपस्थिति में गणेश वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच कविता भगेला ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कन्हैया कटारे, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, प्रधान पाठक गोपाल वर्मा, अनुराधा वैष्णव, मीना देवांगन, जयप्रकाश यदु, मीना ध्रुव, संजय रजक, सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे।



# रजत जयंती पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ एलुमिनी मीट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत स्व.करुणा शुक्ला शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बलौदाबाजार में एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्र-छात्राओं को पुनः एक साथ जोड़ना, उनके अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित करना तथा देश के विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित करना है।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर.के. अग्रवाल छत्तीसगढ़ की 25 वर्ष की विकास यात्रा के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। एल्यूमिनी मीट में विभिन्न सत्रों का आयोजन में गौरव बढ़ाने वाले एलुमनाई को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। संस्था के पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की यादें को साझा किया। साथ ही राज्य की प्रगति में शिक्षा एवं तकनीक की भूमिका पर बल दिया और वर्तमान विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, नवाचार तथा समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का विकास और युवा शक्ति विषय पर संवाद हुआ। इस अवसर पर संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन 15 तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका दे रहा है। शासन स्तर पर उत्पादन अनुदान बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिसे अंतिम रूप मिलने पर लाभ और अधिक होगा। इसके लिए किसानों को 15 सितम्बर 2025 तक बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराना होगा। जिले के किसानों को किस्मों का प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि है वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में बहुत ही कम शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते है। बीज उत्पादन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के कृषकों का निःशुल्क पंजीयन करवा सकता है। प्रत्येक कृषकों द्वारा न्यूनतम 1 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराना अनिवार्य है। फसल कटने पर बीज प्रक्रिया केंद्र में देने पर एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि का भुगतान कर दी जाती है, जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60 प्रतिशत राशि है शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम प्राप्त होने पर प्रदाय की जाती है। पिछले खरीफ वर्ष में जिन किसानों ने बीज निगम में बीज उत्पादन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था उन्हें शासन द्वारा निर्धारित धान की खरीदी दर 3100 प्रति क्विंटल की तुलना में मोटे किस्म की 743 रुपये प्रति क्विंटल अधिक मिले।



# दशहरा उत्सव की तैयारियां शुरू, 3 अक्टूबर को होगा ट्रिपल धमाकेदार कार्यक्रम

**भटगांव।** भटगांव पत्रकार दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष 3 अक्टूबर को दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे एवं समिति पदाधिकारियों के कर कमलों से भूमि पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष उत्सव में विशेष आकर्षण के रूप में ट्रिपल धमाकेदार कार्यक्रम रखा गया है। शाम 5:30 बजे रावण दहन के पश्चात छॉलीवुड कलाकार हिमांशु यादव, रूपा चौधरी और गायक राहुल डडसेना सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। इसके बाद रात 9 बजे से गरिमा दिवाकर और स्वर्णा दिवाकर की स्टार नाइट कार्यक्रम से दर्शकों का मनोरंजन होगा। कार्यक्रम स्थल पर 5,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जिसमें 1,000 वीआईपी सीटें भी शामिल हैं। समिति ने बताया कि यह पहली बार है जब आम नागरिकों के लिए बिना पास 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर बैठने की सुविधा दी जा रही है।सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मैदान को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा, साथ ही पुलिस बल, महिला-पुरुष बाउंसर, पार्किंग, शौचालय, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है। लगभग 15-20 हजार दर्शकों की उपस्थिति की संभावना जताई गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कहा कि इस बार का दशहरा उत्सव ऐतिहासिक रहेगा और नगरवासियों के सहयोग से इसे सफल बनाया जाएगा।

# काली पट्टी लगाकर कृषि विभाग के कर्मचारियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला



विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने सोमवार को काली पट्टी लगाकर कार्य करते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। यह विरोध छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर किया गया।

आंदोलनरत कर्मचारियों ने बताया कि 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य किया जाएगा। इसके बाद 15 सितंबर को विकासखंड एवं जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं 23 सितंबर को जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन एवं रैली निकालकर पुनः ज्ञापन सौंपने की योजना है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन, मासिक स्थाई भत्ता 2500 तक बढ़ाना, अतिरिक्त प्रभार पर भत्ता, संसाधन भत्ता (मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी हेतु), पदनाम संशोधन, डीबीटी प्रणाली लागू करने तथा लंबित पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ करना शामिल है।

## छात्रों का राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



भाटापारा। जय श्री शंकराचार्य विद्यापीठ ढाबाडी के छात्र-छात्रा ने 25 राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया स्कूल के छात्रा चंचल वर्मा छात्र चंद्र प्रकाश यादव मेहुल ध्रुव ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर राज्य के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया है जयश्री शंकराचार्य विद्यापीठ परिवार की ओर से प्राचार्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की पूर्व में भी छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन राज्य स्तरीय में किया था ज्ञात हो जयश्री शंकराचार्य विद्यापीठ के द्वारा लगातार छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न खेलों में होता रहा है कोच यशवंत ध्रुव के नेतृत्व में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है कोच द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## विद्यार्थियों की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

# संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला पैरागुड़ा में संकुल परसदा एवं भिंभोरी के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण संकुल स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल शिक्षकों को सम्मानित किया गया, बल्कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कविता, गीत और नृत्य ने माहौल को सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित पैकरा (सरपंच पुटपुरा) थे। समारोह की अध्यक्षता संकुल समन्वयक परसदा एवं बोरसी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुतीक्षण प्रसाद साहू (सेवानिवृत्त प्रधानपाठक), मनमोहन साय (नोडल प्राचार्य), राधेश्याम चौहान (सेवानिवृत्त शिक्षक) और सत्यभावना यादव (सरपंच परसदा) मंच पर उपस्थित रहे।



### भावुक विदाई: शिक्षक टामन लाल ध्रुव का स्थानांतरण

2010 से पैरागुड़ा प्राथमिक शाला में कार्यरत शिक्षक टामन लाल ध्रुव का युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण हो गया। उनके स्थानांतरण की सूचना मिलते ही ग्रामवासियों में भावुकता का माहौल बन गया। समारोह के अंत में गाँव के लोगों ने उन्हें फूलमालाओं और सम्मान के साथ विदा किया। यह पल न सिर्फ उनके योगदान की सराहना थी, बल्कि ग्रामीणों के आत्मीय संबंधों का परिचायक भी।



### शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन नरेंद्र जी ने ग्रामीणों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। एस.पी. साहू ने अपने प्रेरणा गीत के माध्यम से शिक्षक और समाज के बीच के सामंजस्य को रेखांकित किया। इस अवसर पर संकुल परसदा एवं भिंभोरी के शिक्षकों को शाल, श्रीफल व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक भरत गहरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक राजेंद्र पटेल ने किया। समारोह में गजाधर, मनोज, बाबूलाल, अशोक निषाद, रामलाल, लालजी, शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह, गौरा चौरा समूह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

